छुटकारे का इतिहास – भाग 6

अध्याय 42: जातियों के लिए उपवास

डॉ. डेविड प्लॉट

यदि आपके पास बाइबल है, और मेरी आशा है कि आपके पास है, तो मेरे साथ मरकुस अध्याय 11 निकालें। इसे हम सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र में परमेश्वर के लोगों के बीच देखते हैं, पुराने नियम और नये नियम में, कि उपवास मसीह में हमारी उन्नति का महत्वपूर्ण भाग है, और न केवल व्यक्तिगत रूप में बल्कि सामूहिक रूप में भी। पुराने नियम में हम अक्सर देखते हैं परमेश्वर के लोग मार्गदर्शन के लिए, निर्देशन के लिए, छुटकारे के लिए उपवास के दिनों को अलग करते हैं। कुछ परिस्थितियों में, हम देखते हैं परमेश्वर के लोग, यह योएल में है, उपवास और पाप के अंगीकार और मन फिराव की तस्वीर। अध्याय 13 में हम स्थानीय कलीसिया के लोगों को उपवास और आराधना करते हुए देखते हैं जहाँ पौलुस की मिशनरी यात्राओं का जन्म होता है। और, इसलिए, हमने वर्ष के कुछ रविवारों को एक साथ मिलकर उपवास और प्रार्थना करने के लिए अलग किया है।

और अक्सर जब आप पवित्रशास्त्र में देखते हैं, आप देखते हैं उपवास के कुछ विशिष्ट कारण होते हैं। और हम जो कर रहे हैं, वह जातियों के लिए उपवास है। और जब आप यह शब्द "राष्ट्र" सुनते हैं, तो मैं चाहता हूँ कि आप इसके बारे में पवित्रशास्त्र के समान सोचें। क्योंकि जब पवित्रशास्त्र राष्ट्रों के बारे में बता करता है, जब यीशु कहते हैं, "जाओ सारी जातियों को चेला बनाओ। सारी जातियों को सुसमाचार का प्रचार करो," तो तस्वीर ऐसे राष्ट्रों की नहीं है जैसा हम आज हमारे संसार में सोचते हैं, संयुक्त राष्ट्र जैसे 190 या अधिक देश। स्पष्टतः, पहली सदी में संयुक्त राष्ट्र नहीं था, न ही दूसरे बहुत से राष्ट्र जो हमारे चारों ओर हैं। और इसलिए पवित्रशास्त्र में यह एक बहुत ही अलग तस्वीर है।

जब पवित्रशास्त्र राष्ट्रों के बारे में कहता है, तो उसका संकेत भाषाई समूहों, कबीलों, गोंत्रों से है, जिन्हें जातियाँ कहा जाता है। और, आज संसार में लगभग 190 राष्ट्र हैं, परन्तु विद्वानों ने पहचान की है कि संसार में 11,000 से अधिक भाषाई समूह या जातियाँ हैं, जो राष्ट्रों की संख्या से कहीं अधिक हैं। और आप इसके बारे में सोचें। एक जाति लोगों का वह समूह है जिनकी भाषा और सांस्कृतिक विशेषताएँ समान होती हैं। आप भारत जैसे एक विशाल देश को लें जहाँ एक अरब से अधिक लोग हैं, वे लोग एक जैसे नहीं हैं, सारे भारतीय एक समान नहीं हैं। भारत में सैंकड़ों जातियाँ हैं, सैंकड़ों भाषाएँ, सैंकड़ों विविध सांस्कृतिक विशेषताएँ, न केवल भारत में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र में भी।

बर्मिंघम में सैंकड़ों अलग–अलग जातियों के लोग रहते हैं, विशेषतः यदि आप न्यूयॉर्क जैसे किसी बड़े शहर में जाएँ। आप सड़क पर खड़े इन सारी अलग–अलग भाषाओं को सुनते हैं और इन सारे अलग–अलग जातियों के लोगों को देखते हैं, और इस तरह संसार में 11,000 से अधिक जातियाँ हैं। और उन्हीं विद्वानों ने यह अध्ययन किया कि सुसमाचार इन अलग–अलग जातियों में कहाँ तक पैठ बना पाया है। और, मूलतः, उन्होंने 6,000 से अधिक जातियों की पहचान की है, जो आज भी, सुसमाचार से वंचित हैं। सुसमाचार से वंचित होने का अर्थ है कि उनमें दो प्रतिशत से भी कम लोग सुसमाचारीय मसीही हैं, सुसमाचार पर विश्वास करने वाले मसीही हैं, दो प्रतिशत से भी कम लोगों ने सुसमाचार को सुना और उस पर विश्वास किया है।

यह व्यवहारिक रूप से हमें यह समझने में सहायता करता है, कि यदि आप उन में से किसी एक जाति में रहते हैं, तो यथार्थ यह है कि आप जन्म लेंगे और जीवन बितायेंगे और आप मरेंगे, और संभावना यह है कि आप कभी सुसमाचार को नहीं सुनेंगे। इसके बारे में कभी सुनेंगे भी नहीं। ये वे लोग नहीं हैं जिन्होंने सुसमाचार को सुना है, और 98 प्रतिशत लोगों ने उसे अस्वीकार कर दिया है। वास्तविकता यह है कि डेढ़ अरब से अधिक लोगों ने कभी इसे सुना ही नहीं है, उस तक उनकी पहुँच नहीं है। यह कैसे संभव है? यह कैसे संभव है कि कलीसिया में हमारे सारे संसाधनों के होने के बावजूद 6,000 से अधिक जातियाँ अब भी सुसमाचार से वंचित हैं?

और इसलिए कलीसिया के रूप में, विश्वास के परिवार के रूप में हमने कहा है कि हम उस संख्या से सन्तुष्ट होकर नहीं बैठेंगे। हम अपने जीवनों में और अपने परिवारों में में खर्चे को प्राथमिकता प्रदान करेंगे, और हम इस संसार की वस्तुओं के पीछे नहीं दौड़ेंगे। हम उस पर खर्च करेंगे जो वास्तव में जरूरी है, पृथ्वी की छोर तक सुसमाचार को फैलाना। हम देंगे। हम जायेंगे। हम थोड़ी अवधि के लिए जायेंगे। हम लम्बे समय के लिए जायेंगे। हम में से कुछ लोग अपने सामान को बाँधेंगे, यहाँ के अपने घरों को बेचेंगे और संसार भर की उन जातियों के बीच जाकर रहेंगे। हम लम्बे समय के जायेंगे। हम देंगे, हम जायेंगे, और हम प्रार्थना करेंगे।

जब यीशु मत्ती 9 में सुसमाचार की आवश्यकता में खेत के बारे में बात करते हैं, तो वे एक बात कहते हैं, वे कहते हैं, "खेत के स्वामी से प्रार्थना करो।" अब हम मरकुस अध्याय 11 पर वापस आते हैं। इस पद को हमने पिछले सप्ताह पढ़ा था। हम एक पल में पद 15 से आरम्भ करेंगे। यह एक कहानी है, एक छोटी

कहानी, सुसमाचारों में एक चौंकाने वाली कहानी जो यीशु की एक अलग तस्वीर, चित्रण को दिखाती है, जो उससे अलग है जैसा हम अक्सर सोचते हैं। इस कहानी में मैं तीन बातों पर दिए गए बल को आपको दिखाना चाहता हूँ। हम इन तीनों को देखेंगे और फिर थोड़ा रूकेंगे। हम प्रार्थना में समय व्यतीत करेंगे – आप कुछ प्रार्थनाओं को देखते हैं जिन्हें हम एक साथ मिलकर करेंगे, हम व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना करेंगे।

मरकुस अध्याय 11:15, मेरे साथ इस कहानी को सुनें:

> फिर वे यरूशलेम में आए, और वह मन्दिर में गया; और वहाँ जो लेन–देन कर रहे थे उन्हें बाहर निकालने लगा, और सर्राफों के पीढ़े और कबूतर बेचनेवालों की चौकियाँ उलट दीं, और मन्दिर में से किसी को बरतन लेकर आने जाने न दिया। और उपदेश करके उनसे कहा, "क्या यह नहीं लिखा है कि मेरा घर सब जातियों के लिए प्रार्थना का घर कहलाएगा? पर तुम ने इसे डाकुओं की खोह बना दी है।" यह सुनकर प्रधान याजक और शास्त्री उसके नाश करने का अवसर ढूँढ़ने लगे; क्योंकि वे उससे डरते थे, इसलिए कि सब लोग उसके उपदेश से चकित होते थे। साँझ होते ही वे नगर से बाहर चले गए।

आइए हम प्रार्थना करें। परमेश्वर, हमारी प्रार्थना है कि आप आज हमारी सहायता करें, यह समझने में हमारी सहायता करें कि किस कारण यीशु इस तरह भड़के। यह देखने में हमारी सहायता कर कि किस कारण हमारे प्रेमी उद्धारकर्ता को पवित्र क्रोध आया। इस पूरे वर्ष, यहोवा परमेश्वर, आपके लोगों के पाप में, हमने अपनी आत्माओं का प्रतिरूप देखा है। और हमारी यह भी प्रार्थना है कि आप इस पद को हमारे लिए एक दर्पण बनाएँ। हमें अपने आप में ऐसा कुछ भी देखने में सहायता करें जिसे हमें उनमें देखने की आवश्यकता है। और हमारी प्रार्थना है कि जैसा उस दिन यीशु ने किया उसी प्रकार आज हमारे मनों और दिलों में अपने उद्देश्य के लिए, अपनी महिमा के लिए उथल–पुथल मचा। यीशु के नाम में, आमीन।

और सन्दर्भ यह है: यह यीशु के क्रूस पर मरने के कुछ ही दिन पहले है। वह चेलों के साथ यरूशलेम में घूम रहा है। यरूशलेम के बीच में मन्दिर था जिसे परमेश्वर ने पुराने नियम में स्थापित किया था, और यहाँ मन्दिर की संरचना वास्तव में महत्वपूर्ण है। विविध आँगनों, जहाँ लोग आराधना के लिए एकत्रित होते थे, से घिरे मन्दिर के भवन की कल्पना करें। बाहरी आँगन अन्यजातियों के लिए था। यहीं पर गैर–यहूदी, अन्यजाति, परदेशी, आराधना के लिए आते थे। यदि आप बाहर से आ रहे हैं और अन्यजातियों के आँगन में

से होकर जा रहे हैं, और आप एक स्थान पर आते हैं जहाँ लिखा है, "परदेशी यहाँ से आगे न जाएँ। अन्यजाति यहाँ रूक जाएँ।"

यदि आप यहूदी हैं तो आगे बढ़ते रहें, और आप यहूदी स्त्रियों के आँगन में आते हैं, जहाँ यहूदी स्त्रियाँ उपासना करती थीं। आप आगे बढ़ते रहें, आप यहूदी पुरूषों के आँगन में पहुँचेंगे, जहाँ यहूदी पुरूष आराधना करते थे। आप आगे बढ़ते रहें, आप याजकों के आँगन में आते हैं जहाँ लोगों की परमेश्वर की आराधना में अगुवाई करने वाले याजक अपना कार्य करते थे। और फिर आप मन्दिर के भवन तक पहुँचते हैं, और आप उसके केन्द्र में आते हैं, और आप अति पवित्र स्थान में आते हैं जहाँ परमेश्वर प्रतीकात्मक रूप में अपनी महिमा में अपने लोगों के बीच वास करता था। और जब आप बाहर से अन्दर की ओर आते हैं तो बहुत ही कम लोग आगे बढ़ पाते हैं। अन्यजातियों के आँगन में कोई भी आ सकता है, आप अति पवित्र स्थान में आते हैं, और वहाँ पर केवल याजक, और वह भी निश्चित समयों पर ही, अति पवित्र स्थान में प्रवेश कर सकता है। एक परदा है जो अलग करता है, एक तस्वीर जो साधारण व्यक्ति को पवित्र परमेश्वर से अलग करती है। पवित्र परमेश्वर की उपस्थिति में कोई व्यक्ति केवल पापी व्यक्ति के लिए बलिदान चढ़ाने जा सकता है।

और यहाँ पर यही तस्वीर है, और परमेश्वर ने अपने लोगों के लिए आराधना का यही तरीका निर्धारित किया है, पुराने नियम में जिसे हमने इस वर्ष देखा। और यीशु और उसके चेले मन्दिर के परिसर में आते हैं और तुरन्त ही पाते हैं कि वे व्यवसायिकता से घिरे हैं। मन्दिर के कर के लिए धन को बदलने में लोग अत्यधिक कीमत वसूल रहे हैं। हर जगह पीढ़े और मेजें, कबूतर, पण्डुक और अन्य बलिदान हैं, लोग खरीद रहे हैं, बेच रहे हैं, व्यापार हो रहा है। आप इन लोगों के व्यापार करने की आवाज की केवल कल्पना ही कर सकते हैं। और फिर पद 16 में, इस कहानी में इस पद की सबसे अधिक अवहेलना की गई है, पद 16 में, लिखा है, "यीशु ने मन्दिर में से किसी को बरतन लेकर आने जाने न दिया।" मूलतः, वहाँ जो रहा था कि मन्दिर काफी बड़ा स्थान था, और यदि आप नगर की इस ओर रहते हैं, और आप मन्दिर की दूसरी ओर जाना चाहते हैं, तो आप मन्दिर की चारों ओर घूमकर नहीं जाना चाहते हैं, मन्दिर के आँगन का आने जाने के मार्ग के रूप में प्रयोग करना कहीं अधिक आसान था। और आप ऐसे लोगों को देखते हैं जो अपने बेचने के सामान और घास–फूस को लेकर आ रहे हैं, और उन्हें यदि कोई खरीददार मिल गया तो और भी अच्छा।

परन्तु मन्दिर के आँगनों में से अपने बेचने के सामान को लेकर निकलना – इस तस्वीर को देखें, मसीह को क्रोध कैसे आया? इस दृश्य की कल्पना करें। उसकी आँखों की आग और उसकी आवाज की तीव्रता की कल्पना करें जब वह इस मेज के पास जाकर उसे पलट देता है। यह वही व्यक्ति है जो इस अध्याय में पहले, जब वह इस नगर में आया, हर व्यक्ति उसे दण्डवत् करता है उसकी आराधना करता है और उस में शान्ति को देखता है। और अब वह क्रोध में आकर सब कुछ पलट रहा है, पूरे मन्दिर में उथल–पुथल मचा रहा है। मन्दिर में आने जाने वालों से वह कहता है, "रूको।" और बिन्दू पर निश्चय भीड़ का ध्यान उस पर जाता है। उसने ऐसा क्यों किया?

मैं आपको दिखाना चाहता हूँ– हम यहाँ से वहाँ तक प्रगति करना चाहते हैं जिसे हम अन्तिम बिन्दू मानते हैं, परन्तु हम यहाँ से शुरू करेंगे। वह इसलिए क्रोधित हुआ था क्योंकि वह ऐसे लोगों से घिरा था जो परमेश्वर की उपस्थिति और महिमा के साथ औपचारिक हो गए थे। ऐसे लोग जो सारा कार्य और व्यापार कर रहे हैं, और वे इस बात के बारे में सोच भी नहीं रहे थे कि वे वहाँ किस की आराधना करने के लिए आए थे। और जिसकी उपस्थिति में वे थे, उसकी महिमा और उसकी शक्ति, और उसकी सामर्थ, इनके बारे में ये लोग सोच भी नहीं रहे थे। अब, यहाँ हमें इस पद्यांश के बारे में सावधान रहना है। और हमें किसी भी तरह मन्दिर को कलीसिया बराबर ठहराने की आवश्यकता नहीं है। तस्वीर यह नहीं है, "ठीक है, हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे कलीसिया भवन में बहुत अधिक व्यापार न हो।" तस्वीर यह नहीं है। हम देखेंगे मन्दिर और कलीसिया भवन बहुत, बहुत अलग हैं।

परन्तु यहाँ समानताएँ हैं। मैं आपसे एक प्रश्न पूछता हूँ, परमेश्वर के लोगों के रूप में, हमारे लिए क्या यह संभव है कि हम धार्मिक गतिविधि इतने अधिक व्यस्त हो जाएँ कि हम अपने परमेश्वर की महानता को भूल जाएँ? क्या हमारे लिए यह संभव है कि हमारे जीवन धार्मिक दिनचर्या में इतने व्यस्त हों जाएँ कि हमारी नजर उस पर से हट जाए, जिसकी हम आराधना कर रहे हैं? कलीसिया में भी, क्या हमारे लिए यह संभव नहीं है कि हम इन सारे कार्यों को करें, कुछ गीत गाएँ, एक व्यक्ति को लम्बे समय तक बात करते सुनें, और हम केवल यही करते हैं, और कभी इस वास्तविकता को अंगीकार नहीं करते कि हम क्या करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

इसके बारे में सोचें। हम एक ऐसे व्यक्ति को महिमा और आदर और स्तुति देने के लिए एकत्रित होते हैं जो अनन्त रूप से पवित्र और अत्यधिक अद्‌भुत है। और उसकी महानता, उसे कोई नहीं समझ सकता। हम सब मिलकर भी उसके प्रताप की कल्पना नहीं कर सकते जिसकी हम आराधना करते हैं, हमारे परमेश्वर

की महानता, उसकी भव्यता को नहीं समझ सकते हैं। आराधना में जो शामिल है उसका महत्व। हे परमेश्वर हमारी सहायता करें कि हम आपके साथ औपचारिक न बनें, आपकी आराधना में आत्म–सन्तुष्ट न हो जाएँ। आज हम उपवास क्यों कर रहे हैं? हम भोजन से उपवास कर रहे हैं, भोजन से अलग होकर हम कह रहे हैं, "भोजन के लिए भूख से बढ़कर, हम कलीसिया में परमेश्वर की स्तुति के भूखे हैं। हम परमेश्वर की स्तुति के लिए भूखे हैं। हम परमेश्वर का आदर करना चाहते हैं, परमेश्वर के भय में रहना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि कलीसिया में उसके नाम और उसकी महानता की बड़ाई हो।"

और मैं चाहता हूँ कि यह प्रार्थना और आराधना में मन में बैठ जाए। हम तीन अलग–अलग प्रार्थनाओं को देखेंगे। और ये प्रार्थनाएँ सामूहिक प्रार्थनाएँ हैं जिन्हें मैं चाहता हूँ कि हम एक साथ मिलकर करें। उन्हें *वैली ऑफ विज़न* नामक एक महान प्यूरिटन प्रार्थना की पुस्तक से लिया गया है, और आप प्यूरिटन पुरूषों और स्त्रियों का अध्ययन करें, यह सदियों पूर्व था, और ये ऐसे पुरूष और स्त्री थे जो परमेश्वर के साथ चलते थे, परमेश्वर को जानते थे। और प्रार्थनाएँ, उनकी प्रार्थनाएँ और रचनाएँ सदियों तक सुरक्षित रखी गईं। और मैं ने उन में कुछ को निकाला और उन पर थोड़ा कार्य किया ताकि हम जो प्रार्थना कर रहे हैं उसे समझ सकें। परन्तु मैं चाहता हूँ कि हम एक साथ मिलकर प्रार्थना करें, और हम इसके साथ आरम्भ करेंगे।

मैं चाहता हूँ आप अपने ध्यान को, मन के प्रेम को केन्द्रित करें, औपचारिक रीति से नहीं, बल्कि परमेश्वर के भय में आराधना में। और हम एक साथ मिलकर इस प्रार्थना को करेंगे। और मैं चाहता हूँ कि आप हमारे परमेश्वर, या पिता, और पुत्र परमेश्वर और पवित्र आत्मा परमेश्वर के आश्चर्य पर विचार करें। उसी परमेश्वर की हम स्तुति करते हैं। और हम एक साथ मिलकर इस प्रार्थना को करेंगे। मैं चाहता हूँ कि आप इसे अपने मन में बैठा लें। हम कलीसिया में परमेश्वर की स्तुति के भूखे हैं। आइए हम इसे पढ़ें।

> एक तीन में, तीन एक में, हमारे उद्धार के परमेश्वर, स्वर्गीय पिता, धन्य पुत्र, अनन्त आत्मा, हम तीन अलग–अलग व्यक्तित्वों में, एक अस्तित्व, एक तत्व, एक परमेश्वर के रूप में आपकी स्तुति करते हैं। हे पिता, आपने हम से प्रेम किया और हमें छुड़ाने के लिए यीशु को भेजा। हे यीशु, आपने हम से प्रेम किया और हमारे रूप को लिया; हमारे पापों को धोने के लिए आपने अपना लहू बहाया। हे पवित्र आत्मा, आपने हम से प्रेम किया और आप हमारे दिलों में आए; वहाँ आपने अनन्त जीवन को रोपा, और आपने यीशु की महिमा को हम पर प्रकट किया है। तीन व्यक्ति और एक परमेश्वर, हम आपको धन्य कहते हैं और आपकी स्तुति करते हैं, उस प्रेम के लिए जिसके हम योग्य नहीं हैं, जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता, जो इतना अद्‌भुत है, जो खोए हुओं को बचाने और उन्हें

महिमा में जिन्दा करने में सामर्थी है। हे पिता, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि अनुग्रह की पूर्णता में आपने हमें भेड़ों के रूप में यीशु को सौंप दिया। हे यीशु, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि अनुग्रह की पूर्णता में आपने हमें स्वीकार किया और आप हमारे बिचवई बने। हे पवित्र आत्मा, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि अनुग्रह की पूर्णता में आपने हमारे अन्दर विश्वास को रोपा, आपने हमारे कठोर दिलों को नियन्त्रित किया, और आपने हमें सदा के मसीह के साथ एक बना दिया है। हे पिता, आप हमारी प्रार्थनाओं को सुनने के लिए सिंहासन पर विराजमान हैं। हे यीशु, आपका हाथ हमारी विनतियों को स्वीकार करने के लिए आगे बढ़ा हुआ है। हे पवित्र आत्मा, आप हमारी कमजोरियों में सहायता करने, प्रार्थनाओं की आपूर्ति करने, और स्तुति के लिए हमें मजबूत बनाने के लिए तैयार हैं। हे त्रिएक परमेश्वर, आप ब्रह्माण्ड को आज्ञा दें, और आज हमारी प्रार्थना है, "आपका नाम पवित्र माना जाए। आपका राज्य आए, आपकी इच्छा जैसे स्वर्ग में पूरी होती है वैसे पृथ्वी पर भी हो।" आमीन।

भोजन की भूख से बढ़कर, हम कलीसिया में परमेश्वर की स्तुति के भूखे हैं। अब मेरे साथ मरकुस अध्याय 15 पर चलें। और जब आप वहाँ जा रहे हैं, मैं चाहता हूँ कि हम उसे गहराई से महसूस करें जो मरकुस अध्याय 11 में हो रहा है। और यीशु मन्दिर में आकर इन सारी मेजों को पलट देते हैं। वास्तविकता यह है कि यीशु ने यहाँ बहुत कुछ उलट–पुलट किया है, और वे केवल मेजें ही नहीं हैं। वह परमेश्वर की आराधना को पुनः परिभाषित कर रहा है। और यही समझने की कुंजी है। आप यूहन्ना अध्याय 2 में मन्दिर को शुद्ध करने के यूहन्ना के अभिलेख को देखें, और बाद में लोगों के साथ यीशु की बातचीत में, वह इसे स्पष्ट करते हैं, कि उनकी देह मन्दिर है, जो काफी साहसी दावा है। मन्दिर परमेश्वर की महिमा, परमेश्वर की उपस्थिति की तस्वीर थी, और यीशु कहते हैं, "वह मैं हूँ।"

अब, इसे आप हल्के में नहीं कहते हैं। यह सम्पूर्ण चित्रण है कि मसीह कौन है। वह देह में परमेश्वर की महिमा है। वह देह में परमेश्वर का मन्दिर है। और जिस प्रकार आप परमेश्वर से मिलने के लिए मन्दिर में जाते, उसी प्रकार यीशु के पास जाना परमेश्वर से मिलने का तरीका है। मार्ग, सत्य, और जीवन वही है; बिना उसके कोई पिता के पास नहीं आता। वह ऐसे दावे कैसे कर सकता है? और मन्दिर में हम जो देखते हैं उसका सार यह है, पवित्र परमेश्वर पापी लोगों के बीच में वास करता है, और याजक आराधना की अगुवाई करता है, जो समय–समय पर, अन्य बलियों के साथ, प्रायश्चित के दिन बलि का लहू लेकर अति पवित्र स्थान में जाता। क्यों? लहू क्यों? बलिदान क्यों? क्योंकि उत्पत्ति 2 में, हमने देखा परमेश्वर ने आदम

और हव्वा को बनाया, और उन्हें अपने साथ वास करने के लिए बनाया, और उनसे कहा, "यदि तुम पाप करोगे, तो मर जाओगे।"

और उत्पत्ति 3 में, उन्होंने पाप किया, लेकिन अब भी वे जीवित हैं। और उनके जीवित रहने का एकमात्र कारण यह है कि परमेश्वर ने एक पशु को बलि किया और उन्हें अपने न्याय में ढाँप दिया; पाप की मजदूरी को चुकाना अवश्य है। और यहीं पर हम इस सम्पूर्ण बलिदान की प्रणाली को देखते हैं, कि जब प्रायश्चित के दिन याजक अन्दर जाता है, प्रायश्चित का अर्थ है किसी के साथ एक बनना, किसी के साथ मेल करना। और लोगों के लिए, पापी लोगों के लिए, पवित्र परमेश्वर से मेल करने का का तरीका है कि याजक वेदी पर बलि को चढ़ाता है, प्रायश्चित के ढ़कने के ऊपर लहू को, बलिपशु के लहू को छिड़कता है, यह दिखाने के लिए कि पाप की मजदूरी, मृत्यु के दण्ड को चुका दिया गया है जिससे परमेश्वर की पवित्रता पापी लोगों के बीच वास कर सके।

जब, यीशु आता है तो वह यह नहीं कहता कि मैं मन्दिर का बलिदान चढ़ाने आया हूँ, वह आता और कहता है, "मैं बलिदान हूँ।" अब इससे न चूकें। वह देह में परमेश्वर की महिमा है, देह में परमेश्वर की उपस्थिति है, देह में परमेश्वर की पवित्रता है। उसमें कोई पाप नहीं। और कुछ दिन पश्चात्, वह क्रूस की ओर जाता है और पाप की मजदूरी को चुकाता है, और, फिर भी, उसमें कोई पाप नहीं जिसकी कीमत चुकानी पड़े, तो वह किसके दण्ड को सह रहा है? मुझे खुशी है आपने पूछा। वह हर देश में हर जाति के पुरूषों और स्त्रियों के पापों की मजदूरी को चुका रहा है। और यीशु उनकी खातिर उनकी कीमत को चुका रहा है, हमारी खातिर हमारी कीमत को चुका रहा है। बलिदान चढ़ाते समय, याजक इस परदे में से होकर जाता जो उसे और पापी मनुष्य को पवित्र परमेश्वर से अलग करता था, अन्दर जाकर बलिदान चढ़ाता और बाहर निकल आता।

दूसरी तरफ, जब यीशु बलिदान चढ़ाता है, मरकुस अध्याय 15:37, पद 37, यह क्रूस पर यीशु है, वह कीमत को चुकाता है। वह मरता है। यीशु ने ऊँची आवाज में पुकारा और निष्पाप व्यक्ति ने अन्तिम साँस ली– यीशु मर गया। पद 38: "और मन्दिर का परदा ऊपर से नीचे तक फटकर दो टुकड़े हो गया।" हाँ। मरकुस अध्याय 11 के प्रकाश में, मरकुस हमें याद दिलाना चाहता है कि यीशु एक बार में सदा के लिए बलिदान चढ़ा रहा है, पुरूषों और स्त्रियों के पापों के लिए, अब मसीह के द्वारा कोई भी व्यक्ति, किसी भी जाति में, किसी भी समय परमेश्वर के निकट आ सकता है, जो मसीह पर विश्वास करता है और उसके कार्य पर विश्वास करता है जो उसने क्रूस पर पाप के लिए बलिदान के रूप में, पाप की मजदूरी को चुकाते हुए

किया। और फिर उसके कब्र में से जी उठने के द्वारा, पाप पर जय पाने के द्वारा उन सब लोगों के लिए परमेश्वर के पास आने का मार्ग खुला है जो मसीह पर विश्वास करते हैं कि वे परमेश्वर के साथ रहें, परमेश्वर को जानें, परमेश्वर के साथ चलें, और परमेश्वर की महिमा को देखें। इसी कारण यीशु कहते हैं कि बिना मेरे कोई पिता के पास नहीं आता क्योंकि और कोई निष्पाप नहीं है, और कोई इस कीमत को नहीं चुका सकता, कोई दूसरा इस कीमत को चुकाने के लिए नहीं मरा है, और दूसरा कोई भी कब्र में से जी उठने के द्वारा पाप और मृत्यु पर जयवन्त नहीं हुआ है। यदि कोई और इन तीन बातों को करता है तो हम वाद–विवाद कर सकते हैं। लेकिन उसके जैसा और कोई नहीं है।

और, यह और भी बेहतर होता है। मैं इसे बना नहीं रहा हूँ। यह वास्तविक है। यहाँ मरकुस में, और फिर आप 1 कुरिन्थियों अध्याय 6 पर आते हैं, और नया नियम एक बिल्कुल नया रूप ले लेता है क्योंकि पौलुस कहता है, "अब तुम पवित्र आत्मा के मन्दिर हो, परमेश्वर की उपस्थिति हो।" उसी प्रकार नहीं जैसे यीशु देह में परमेश्वर की महिमा है, देह में परमेश्वर की उपस्थिति है, इसका मतलब यह नहीं है कि हम ठीक वैसे ही हैं जैसा यीशु था, परन्तु तस्वीर यह है कि जब आप मसीह के लहू के द्वारा, मसीह में परमेश्वर से मेल करते हैं, तो आपकी सीधे परमेश्वर तक पहुँच हो जाती है और वह अपने आत्मा को आप में रखता है। और, इस प्रकार, पापी लोगों के अन्दर परमेश्वर की उपस्थिति वास करती है।

अब यह सब इतना महत्वपूर्ण क्यों है? यह महत्वपूर्ण है क्योंकि जब हम मरकुस अध्याय 11 पर आते हैं, हमें महसूस होता है, "वाह, यह कलीसिया के भवन के बरामदे में मेजों को पलटने के बारे में नहीं है। यह कलीसिया के भवन से भी कहीं गहरा है। यह हमारे हृदयों के बारे में है और यह उन मेजों के बारे में है जिन्हें हमारे अन्दर पलटना है। यह मसीह के अनुयायियों के रूप में हमारे जीवन के पहलुओं के बारे में है; यही परमेश्वर का आत्मा हम में वास करता है। हम में ऐसा क्या है जिस से वह प्रसन्न नहीं है? हमारे अन्दर ऐसा क्या है जो उसके साथ घनिष्टता में बाधक है? आप किस पाप के साथ जूझ रहे हैं? आप किन परीक्षाओं से हार रहे हैं? आप परमेश्वर से अधिक किस की खोज में हैं, आपका प्रेम, आपकी चाहत किस के बारे में है?" यह पूरा पद्यांश इन सबको पलटने के बारे में है। प्रभु यीशु मेरे हृदय में, मेरे मन में, मेरी लालसा में, मेरी इच्छा में, मेरे कार्यों जो कुछ भी ऐसा है उसे पलट दे। मेरे अन्दर किस बात से आप बिल्कुल भी प्रसन्न नहीं हैं?

और इसीलिए हम उपवास कर रहे हैं। हम कलीसिया में परमेश्वर की स्तुति के भूखे हैं, और फिर दूसरा, हम अपने जीवनों में परमेश्वर की पवित्रता के भूखे हैं। हम उसकी पवित्रता में चलना चाहते हैं। हमने मसीह

पर भरोसा किया है। हम पाप से स्वतंत्र हैं। हम उसमें वापस नहीं जाना चाहते जिस से हमें बचाया गया है। हम अपने जीवनों को उस से नहीं भरना चाहते हैं जिस से हमें शुद्ध करने के लिए यीशु मरा। हम शुद्ध बनना चाहते हैं। हम पवित्रता में चलना चाहते हैं। इसी कारण मन्दिर को शुद्ध करते समय यीशु यिर्मयाह 7 से उद्धृत करते हैं, और कहते हैं, "तुम ने इसे डाकुओं की खोह बना दिया है।" और वे जो उद्धृत करते हैं वह यिर्मयाह अध्याय 7 से है; यिर्मयाह अध्याय 7 जब यिर्मयाह मन्दिर के बारे में बात करता है। वह मन्दिर में उन लोगों से बात कर रहा है जो, इससे न चूकें, जो आराधना की क्रियाओं को कर रहे थे, परन्तु वे अपनी आराधना का प्रयोग पाप के लिए परदे के रूप में, और यहाँ तक कि पाप के लिए एक बहाने के रूप में कर रहे थे। "हम पाप कर सकते हैं, हम बलिदानों के परे जा सकते हैं; हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा।"

अब, पुनः, यह समान तस्वीर नहीं है। हम बलिदान चढ़ाने के लिए मन्दिर में जाने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन, यहाँ यह खतरनाक है। एक स्तर पर, क्या हमारे लिए हमारे दिलों के पाप को ढ़कने के लिए धार्मिक गतिविधियों का प्रयोग करना संभव है? हम सब जानते हैं कि कलीसिया में आकर गीत गाना, सारी क्रियाओं को करना, और जिस पाप से आप जूझ रहे हैं उसके बारे में एक बार भी परमेश्वर के साथ ईमानदार न होना, यह सब संभव है। और यदि हम सावधान नहीं हैं, हम अपने आपको दिलासा दे सकते हैं, कि हाँ, हम सब कुछ ठीक कर रहे हैं, और फिर भी, हम अपने अन्दर पाप के सतत् प्रभाव को अनदेखा कर देते हैं। और यह खतरा और भी गहरा हो सकता है कि हम इस तस्वीर को इतना घटिया बना दें कि मसीह, हम कह सकते हैं, "मेरा मतलब है यह कितना प्रचलित है?" हाँ, मैं यीशु पर विश्वास करता हूँ, मैं ने यीशु पर भरोसा किया है, परन्तु मैं अपनी इच्छानुसार जीवन व्यतीत करता हूँ। मैं जो चाहता हूँ वह करता हूँ, मुझे क्षमा मिल चुकी है, ठीक?" नहीं, मित्र। परमेश्वर की क्षमा को खरीदने वाले लहू को इस प्रकार घटिया न बनाएँ। वह इसलिए मरा कि हम पवित्र और शुद्ध बनें, ताकि हम पाप से, पाप के अधिकार से स्वतंत्र हो सकें, और हम पवित्रता और शुद्धता में परमेश्वर के साथ चल सकें। यदि हम अपने दिलों को जाँचने और अंगीकार करने में समय व्यतीत न करें तो हम इस पद से चूक जायेंगे। हमारे अन्दर किसे पलटना है, हमारे दिलों में किसे शुद्ध करना है?

और दूसरी प्रार्थना, यह अंगीकार की प्रार्थना है। हम इसे मिलकर करेंगे। और हम व्यक्तिगत रूप से अपने पापों का अंगीकार करेंगे। हम में से प्रत्येक व्यक्ति प्रभु के साथ समय बिताए, अपने पापों के बारे में उसके सामने ईमानदार बनें, उससे पूछें, "प्रभु, मेरे दिल में क्या पलटना जरूरी है?" हो सकता है आप पहली बार यह सुन रहे हों, आप मसीह ने आपके लिए क्रूस पर जो किया है उसके द्वारा अपने शुद्धिकरण की आवश्यकता के बारे में परमेश्वर से अंगीकार करें, और मसीह ने जो किया है उस पर विश्वास करें। और

आप कहें, "मैं चाहता हूँ आप मेरे मन को शुद्ध करें। मैं आपसे मेल करना चाहता हूँ। मसीह के द्वारा मैं आपसे मिलना चाहता हूँ। आज ही यह करें।" और हम यह प्रार्थना करें।

> स्वर्गीय पिता, हमें अपने पाप से पूरी तरह छुटकारा दें। हम जानते हैं कि हम दूसरे की धार्मिकता के द्वारा धर्मी हैं, परन्तु हम आपकी समानता की चाहत रखते हैं। हम आपकी संतान हैं और हम में आपका स्वरूप होना चाहिए; पाप के लिए हमारी मृत्यु को पहचानने में हमारी सहायता कर। जब यह हमें परखे, तो हमारी सहायता कर कि हम उसकी आवाज को न सुनें। हमें पाप के हमले और अधिकार से छुड़ा। हम मसीह के समान चलें, हम उसके जीवन के नयेपन में, प्रेम का जीवन, विश्वास का जीवन, और पवित्रता का जीवन व्यतीत करें। हम अपने शरीरों की मृत्यु, उनकी ईर्ष्या, घटियापन, और घमण्ड से घृणा करते हैं। क्षमा करें, और हमारी इन बुराईयों को मार दें। हमारे अविश्वास पर, हमारे भ्रष्ट और डावाँडोल मनों पर दया करें। जब आपकी आशीषें आती हैं तो हम उन्हें मूरतें बना देते हैं, और हम अपना प्रेम आपकी बजाय उन पर–हमारे बच्चे, हमारे मित्र, हमारी सम्पत्ति, और हमारा सम्मान– पर केन्द्रित करते हैं। इस आत्मिक व्यभिचार को शुद्ध करें और हमें शुद्धता प्रदान करें; आपके अलावा हर बात के लिए हमारे दिलों को बन्द कर दें। पाप सबसे बड़ा शाप है। आपकी जीत हमारे जीवनों में प्रदर्शित हो। हमारी सहायता करें कि हम समर्पित, भरोसेमन्द, आज्ञाकारी बनें, अपने विश्वास में बच्चे के समान बनें, देह, प्राण, आत्मा, मन, और ताकत से आप से प्रेम करें, और दूसरों से अपने समान प्रेम करें, उफनते क्रोध, कठोर विचारों, निन्दक शब्दों, और असभ्य आचरणों से बचें। हर दिन हमें अपने अनुग्रह से भरें, ताकि हमारा जीवन आपको प्रसन्न करने वाला हो सके। आमीन।

मैं चाहता हूँ आप एक और स्थान की ओर मुड़ें। यह यशायाह अध्याय 56 है। और मुझे निश्चय है कि यहीं पर हम मन्दिर को शुद्ध करने के अपने मुख्य बिन्दू पर आते हैं। जो हमने देखा है वह स्पष्टतः अत्यधिक महत्वपूर्ण है, परन्तु मैं आपको यहाँ इससे भी कुछ गहरा दिखाना चाहता हूँ। जब यीशु अन्दर आते हैं, और मेजों को पलटना शुरू करते हैं, लोगों को आने जाने से रोकते हैं, तो उनके मुँह से निकले पहले शब्द, यशायाह अध्याय 56, पद 6 और 7, "मेरा घर, हम कहते हैं सारी जातियों के लिए प्रार्थना का घर।" परन्तु मैं चाहता हूँ आप देखें वह कहाँ से उद्धृत कर रहे हैं। पद 6 से, परमेश्वर यशायाह भविष्यद्वक्ता के द्वारा बात कर रहा है। और परमेश्वर ने कहा, "परदेशी भी जो यहोवा के साथ इस इच्छा से मिले हुए हैं कि उसकी सेवा टहल करें और यहोवा के नाम से प्रीति रखें और उसके दास हो जाएँ, जितने विश्रामदिन को अपवित्र करने से बचे रहते और मेरी वाचा का पालन करते हैं।" पद 7: "उनको मैं अपने पवित्र पर्वत पर ले

आकर अपने प्रार्थना के भवन में आनन्दित करूंगा; उनके होमबलि और मेलबलि मेरी वेदी पर ग्रहण किए जायेंगे।" और यह यहाँ है, कथन यह है, "क्योंकि मेरा भवन सब देशों के लोगों के लिए प्रार्थना का घर कहलाएगा।"

अब सवाल यह है, यह पद क्यों? उन सब के बीच में जिन में से यीशु चुन सकते थे, इस समय पर यही वचन क्यों? यहीं पर हम गलती करते हैं और हम मरकुस 11 पर आते हैं, और हम कहते हैं, "कलीसिया को प्रार्थना का घर होना चाहिए। कलीसिया का भवन प्रार्थना का स्थान होना चाहिए।" नहीं। हाँ? जब कलीसिया एकत्रित होती है, तो हमें प्रार्थना करनी चाहिए। इसमें कोई सन्देह नहीं। परन्तु मरकुस 11 में जो हो रहा है, जब यीशु इस कथन को कहते हैं उसका मुख्य बिन्दू यह नहीं है। प्रार्थना के बारे में, परमेश्वर को खोजने के बारे में, दूसरों के लिए बिचवई करने के बारे में, वह और भी बहुत से स्थानों से बता सकते थे। इसकी बजाय, वे इस पद से उद्धृत करते हैं, विशेषतः, जो बता रहा है कि कैसे उसका घर सब देशों के लोगों के लिए प्रार्थना का घर होगा। किस प्रकार परमेश्वर उनको अपने पवित्र पर्वत पर लेकर आएगा। ये "उनको" कौन हैं? पद 6 में, परदेशी जो यहोवा में जुड़ते हैं, उन्हें वह अपने भवन में लाएगा, और उसका भवन सब देशों के लोगों के लिए प्रार्थना का घर होगा।"

अब जब लिखा है कि वह परदेशियों को लेकर आएगा, जब "परदेशी," लिखा है, तो पुराने नियम में, यह किसे बताता है यहूदियों को या अन्यजातियों को? अन्यजातियों को, ठीक? पुराने नियम में यहूदियों को परदेशी नहीं कहा गया है। अन्यजातियों, गैर–यहूदियों को कहा गया है। और परमेश्वर कह रहा है कि वह केवल पुराने नियम में परमेश्वर के लोगों को ही नहीं, केवल इस्राएलियों को ही नहीं, केवल इस्राएल के देश को ही नहीं, वह सब देशों को, सारी जातियों के लोगों को लाएगा कि वे उसकी महिमा को और उसके आश्चर्य को देखें, और उसकी स्तुति करें और उससे प्रार्थना करें। यशायाह 56 यही बता रहा है, "यीशु ने उस कथन को क्यों बताया?" मैं मरकुस 11 की एक तस्वीर पर वापस आता हूँ, और इस पर कि हमने इस पृष्ठभूमि को क्यों देखा। याद रखें, हमारे पास मन्दिर है, जिसमें अन्यजातियों का आँगन, यहूदी स्त्रियों का आँगन, यहूदी पुरूषों का आँगन, याजकों का आँगन, और अति पवित्र स्थान है। इसके बारे में सोचें।

ये सारी मेजें और ये सारे पीढ़े कहाँ रखे हैं? क्या आप सोचते हैं कि वे अति पवित्र स्थान में रखे हुए हैं? बिल्कुल नहीं। याजकों के स्थान में? नहीं। यहूदी पुरूषों के आँगन में? नहीं। यहूदी स्त्रियों के आँगन में? नहीं। ये सब अन्यजातियों के आँगन में रखे हैं, एक स्थान जहाँ सब देशों लोग आकर परमेश्वर की महिमा को देख सकते थे, उसकी आराधना कर सकते थे। उन्होंने अपने स्वयं के लाभ के लिए उसे बाजार बना

दिया था। उन्होंने अन्यजातियों के आँगन को अपने फायदे के लिए सारे सामान से, और व्यापारिक गतिविधियों से भर दिया था, और जैसे कि उनका कहना हो, "अन्यजातियाँ भाड़ में जाएँ।" और यहीं पर दर्पण सबसे साफ है। क्योंकि क्या यह संभव नहीं है, क्या यही हमने नहीं किया है, क्या परमेश्वर की आराधना की आड़ में परमेश्वर के जनों के रूप में हम ने अपने जीवनों को अपनी आवश्यकता की वस्तुओं से नहीं भर लिया है, और इस प्रक्रिया में, हमने 6,000 से अधिक जातियों को अनदेखा कर दिया है जिनके पास आज भी सुसमाचार नहीं है।

ऐसा नहीं है कि उन तक सुसमाचार पहुँचाने के लिए हमारे पास संसाधन नहीं हैं। आज हमारे पास कलीसिया में आवश्यकता से अधिक लोग और आवश्यकता से अधिक संसाधन हैं। परन्तु वास्तविकता यह है, कि हमने अपने संसाधनों और अपनी ऊर्जा और अपने धन और अपने जीवनों को अपनी स्वयं की गतिविधियों, अपने आराम के लिए, और अपने लिए अधिक साधनों को जुटाने में खर्च किया है। धार्मिक गतिविधि और आराधना की आड़ में भी, हमने अपने जीवनों को अपने आप से भरा है, और उन 6,000 से अधिक जातियों की एक के बाद एक पीढ़ी से हमने कहा है, "तुम नरक में जाओ, हम तो अपने साधना जुटायेंगे।" हमें मन फिराना है और समझना है कि आराधना का उद्देश्य साधनों की खोज करना, अपना लाभ देखना नहीं है। आराधना का उद्देश्य ऐसे लोगों को खड़ा करना है जो सारी जातियों के बीच परमेश्वर की स्तुति के बारे में जोश रखते हैं।

परमेश्वर कहता है, "मेरी इच्छा है कि इस ग्रह पर हर जाति के लोग मेरी महिमा को देखें।" वह स्तुति के योग्य है। वह सारी 11,000 से अधिक जातियों से स्तुति की इच्छा रखता है और उनकी स्तुति के योग्य है। वह उन 6,000 से अधिक जातियों में से प्रत्येक की स्तुति के योग्य है जिनके पास अब तक सुसमाचार नहीं है। और परमेश्वर के लोग, जो यह विश्वास करते हैं, वे अपना जीवन उनके बीच में स्तुति को फैलाने में लगा देंगे। हमारे उपवास और प्रार्थना का प्राथमिक कारण यही है कि हम कलसिया में परमेश्वर की स्तुति के भूखे हैं। हम अपने जीवनों में परमेश्वर की पवित्रता के भूखे हैं। और भोजन से बढ़कर, हमारी भूख जातियों में परमेश्वर की महिमा के लिए है, हमारे पेट की भोजन की लालसा से बढ़कर, हमारी आत्मा सुसमाचार को चाहती है और परमेश्वर की महिमा को पृथ्वी की छोर तक फैलाना चाहती है।
और खूबसूरती यह है कि परमेश्वर न केवल उनकी स्तुति के लालसा रखता है और उनकी स्तुति के योग्य है, वे उसकी स्तुति करेंगे। एक दिन आ रहा है, और यशायाह 56 में उसने इसका वायदा किया है, प्रकाशितवाक्य अध्याय 7 में यह आता है, जब इन जातियों में से प्रत्येक मसीह के सिंहासन के सामने खड़ी होगी, उसकी स्तुति को देखेगी, उसको महिमा देगी। ऐसा होगा, और यह उन तक सुसमाचार को ले जाने

के लिए हमारे सारे संसाधनों को दे देने का एक और कारण है क्योंकि इसका सफल होना निश्चित है। और आप उन 6,000 से अधिक जातियों के पास जाएँ जिनके पास अब सुसमाचार नहीं है, और आप उनसे सुसमाचार का प्रचार करें, इस प्रक्रिया में आप अपना जीवन खो सकते हैं, आप इस संसार की सम्पत्ति और सारी वस्तुओं को खो सकते हैं, परन्तु अन्त में, वे विश्वास करेंगे, लोग विश्वास करेंगे और वे परमेश्वर के सिंहासन के सामने खड़े होकर उसको महिमा देंगे, और उसके लिए हम सब कुछ लुटा सकते हैं। इसके लिए हम सब कुछ लुटा सकते हैं। तब वे प्रत्युत्तर देंगे।

ऐसे करोड़ों लोग हैं जिन्होंने कभी मसीह में परमेश्वर के प्रेम के बारे में नहीं सुना है। जब वे सुनते हैं तो क्या होता है? ऐसा नहीं है कि यह हमेशा आसान होगा। उन में से बहुत से लोग दूसरों को सुसमाचार सुनाने में अपना जीवन लगा देते हैं। और वे जानते हैं कि जिन लोगों ने नहीं सुना है उन्हें सुनने की आवश्यकता है। और वे उसे फैलाने के लिए सब कुछ देने को तैयार हैं। और हम कहते हैं कि हम उनका साथ देंगे। मेरा कहना है कि हम दें और हम जाएँ और हम प्रार्थना करें। जब तक ये सारी जातियाँ जान न लें तब तक हम अपने आप को, अपने जीवनों को और अपने परिवारों को और अपनी कलीसिया को खर्च करें। जब तक "वंचित" शब्द समाप्त न हो जाए, हम प्रार्थना करें और हम दें और हम जाएँ।

हम मिलकर यह प्रार्थना करें।

> सर्वोच्च परमेश्वर, हमारा नहीं, आपका कार्य हमारे मनों को व्यस्त रखे, और हमारी विनती है कि आप अपना राज्य उस प्रत्येक स्थान पर स्थापित करें जहाँ शैतान शासन करता है। अपनी महिमा कर और हम आनन्दित होंगे, क्योंकि आपके नाम की बड़ाई करना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। हम आपकी प्रशंसा करते हैं, और हमारी लालसा है कि दूसरे आप को जान सकें और आप हमें हर्षित हो सकें। सारे लोग आपसे प्रेम करें और आपकी स्तुति करें, ताकि सारे संसार की सारी महिमा आप को मिले! आपके नाम की खातिर पापी आपके पास आएँ। आप महान कार्य कर सकते हैं। यह आपका कार्य है, और केवल आप ही लोगों को अपनी महिमा के लिए बचा सकते हैं। हे प्रभु, हमें अपनी इच्छानुसार प्रयोग करें, और जैसा आप चाहें वैसा ही हमारे साथ करें। अपने कार्य को बढ़ावा दें, आपका राज्य आए, और आपकी रूचि इस संसार में बढ़े। बड़ी संख्या में लोगों को यीशु के पास लाइए! हम उस तेजोमय दिन को देखने पाएँ, और हम उस तेजोमय अन्त के लिए मरने को भी तैयार हों। हम अपने नहीं आपके कार्य और आपके राज्य की लालसा रखते हैं। हमारी विनती का उत्तर दें, और अपनी स्तुति को सारी जातियों में फैलाएँ! आमीन।